रणजीत टाइम्स
इंदौर
सोमवार, 28 जुलाई, 2025
वर्ष 01 | अंक 189 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# इंदौर की छवि से खिलवाड़ नहीं चलेगा!

## महापौर की फेक न्यूज फैलाने वालों को कड़ी चेतावनी

राजेश धाकड़

इंदौर,महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोशल मीडिया पर इंदौर की छवि को धूमिल करने वाली फेक न्यूज और भ्रामक पोस्ट्स को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जो लोग दूसरे शहरों की घटनाओं, वीडियो या फोटो को इंदौर का बताकर वायरल कर रहे हैं, उनके खिलाफ सीधी FIR दर्ज की जाएगी। अब चेतावनी नहीं, सीधे कानूनी कार्रवाई होगी।

### फेक वीडियो से फैलाई जा रही भ्रांति

महापौर भार्गव ने हालिया उदाहरण का हवाला देते हुए बताया कि खजराना ब्रिज से जुड़ी एक फेक वीडियो हाल में वायरल हुई, जिसमें किसी अन्य शहर की दुर्घटना को इंदौर की बताकर जनता को गुमराह किया गया। इसी तरह एक और पोस्ट में किसी और शहर में गड्ढे में पलटे ऑटो की तस्वीर को इंदौर की सड़कों से जोड़कर भ्रम फैलाने की कोशिश की गई।



### शहर के साथ विश्वासघात है यह कृत्य''

महापौर ने कहा,इंदौर की पहचान उसकी स्वच्छता, अनुशासन और सकारात्मक सोच से है। ऐसे में जो लोग सिर्फ लाइक्स और व्यूज के लिए फेक वीडियो व झूठी जानकारी फैलाकर शहर की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचा रहे हैं, वह इंदौर से विश्वासघात कर रहे हैं।"

### नगर निगम की सोशल मीडिया निगरानी टीम सक्रिय

महापौर ने जानकारी दी कि नगर निगम द्वारा गठित सोशल मीडिया निगरानी टीम अब ऐसे भ्रामक कंटेंट पर विशेष नजर रखेगी। जैसे ही किसी पोस्ट में संदेहजनक या गलत जानकारी पाई जाती है, संबंधित व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

### इंदौरवासियों से अपील

शहर के नागरिकों से महापौर ने अपील की है कि,कोई भी फोटो, वीडियो या सूचना शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की जांच जरूर करें। भ्रामक जानकारी फैलाना कानूनन अपराध है और इससे आपके अपने शहर की छवि धूमिल होती है।"

### सच्चाई साझा करें, फेक से बचें

यह चेतावनी उन सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए स्पष्ट संकेत है जो बिना पुष्टि के भ्रामक जानकारियाँ फैलाते हैं। इंदौर प्रशासन अब ऐसे मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कार्य करेगा। "इंदौर देश का स्वच्छतम शहर है और इसकी छवि किसी भी कीमत पर बिगड़ने नहीं दी जाएगी।" – महापौर पुष्यमित्र भार्गव

# संगठन जाए भाड़ में

## गुटबाज़ी ज़िंदाबाद!



इंदौर।,भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने पदभार संभालते ही आदेश जारी किया "विधायक-मंत्री आपस में सामंजस्य बढ़ाएं, एक-दूसरे के घर 'भोज' रखकर एकता दिखाएं।" अब आदेश था तो पालन भी होना ही था... और सबसे पहले इसका पालन इंदौर में हुआ। लेकिन जिस बात की आशंका थी, वही हुआ गुटबाज़ी भोज में नहीं घुल पाई! कैलाश जी के घर आयोजित भोज में नज़र नहीं आए कटार वाली दीदी, मन की करने वाले मनोज पटेल, और भाभी की सहानुभूति से हारने वाले लखन दादा! हालांकि "बाबा" जरूर आए शायद विधानसभा और पार्टी दोनों में अपनी भूमिका सुरक्षित रखने का उनका तरीका कुछ अलग है। अब बाकी बचे विधायकों की बारी है... लेकिन बड़ा सवाल वही क्या भोज से भाजपा की 'बाहरी एकता' और 'भीतर की दूरी' मिट पाएगी? असल में इंदौर भाजपा में गुटबाजी कोई नई बीमारी नहीं है, ये तो तीन दशक पुरानी परंपरा है, जिसे संगठन ने खुद सींचा है। जब 30-35 साल से एक ही नेता को बार-बार टिकट मिलता है, तो बाकी नेता गुटबाज़ नहीं बनेंगे तो क्या चौकीदार बनेंगे? चाहे प्रदेश अध्यक्ष कोई भी हो... चाहे स्वयं मोदी जी ही क्यों न आ जाएं — इंदौर की भाजपा का गुटबाज़ी प्रेम खत्म नहीं हो सकता! और अंत में इतना ही,भोज से पेट भर सकता है, मन नहीं।





इंदौर। अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेश मारू ने युवा सामाजिक कार्यकर्ता और गरीबों की हर संभव मदद करने वाले मदनलाल सोलंकी को महासभा का युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मदनलाल सोलंकी को प्रसिद्ध भजन गायक बाबू राजोरिया सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।



पंचमुखी हनुमान भक्त मंडल ने पश्चिमी क्षेत्र के पंचमूर्ति नगर से कावड़ यात्रा इंदौर से उज्जैन महाकाल अभिषेक के लिए निकली इस कार्यक्रम के आयोजक अमन परमार सेन जी एवं संयोजक पियूष मेडतवाल साथ में साहिल विश्वकर्मा आर्यन परमार दीपेश करोड़े जी सहित अन्य मौजूद थे

# नगर मंडल भाजपा हाटपीपल्या द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया

संजय प्रेम जोशी

## कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले सैनिक बलवान सिंह राणा का पुष्प माला द्वारा सम्मान किया गया

हाटपिपल्या। नगर मंडल भाजपा द्वारा नगर के भगत सिंह चौराहा पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया विजय दिवस के अवसर पर भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दिप प्रज्वलित कर कारगिल विजय दिवस मनाया गया इस अवसर पर कारगिल युद्ध में नगर के सैनिक श्री बलवान सिंह राणा द्वारा भाग लिया गया था इस मौके पर उनका पुष्प माला द्वारा सम्मान किया गया इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सैधव नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौड़ बापूलाल धौसरिया कृपाल सिंह सैधव भुजराम जाट मंडल महामंत्री रमेश संदुकलिया विनोद जोशी मंदन बुंदेला राजकिशोर जायसवाल महेंद्र बाबा राजेंद्र सिंह पटेल लखन मेकालिया यशवंत चौहान सुरेन्द्र सिंह सैधव अभिमन्यु सैधव रामसिंह सैधव शैलेन्द्र सैधव जुगल रलोती शकील मंसूरी समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## प्रसिद्ध भजन गायक बाबू राजोरिया का नया एल्बम भोला गांजा पिए रिलीज



इंदौर। सावन के पवित्र महीने में ओंकार पी, जी,आर प्रेजेंट और यूनिक्स कैसेट के सहयोग से, भोला गांजा पिए, रिलीज किया गया है। इस एल्बम में प्रसिद्ध भजन गायक बाबू राजोरिया द्वारा लिखित और अपनी मधुर आवाज में जानदार तरीके से गाया है जिसे सुनते ही भक्त जनों के पाव नाचने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इस एल्बम के गाने भी स्वयं बाबू रेजर ने लिखे हैं। इस एल्बम में संगीत दिनेश सोलंकी ने दिया है और इस एल्बम की रिकॉर्डिंग विजय स्टूडियो में की गई है।

# पत्नी और ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

राजेश धाकड़



इंदौर विजयनगर थाना क्षेत्र निवासी महेन्द्र साहू ने अपनी पत्नी अनिता साहू और ससुराल पक्ष पर मानसिक प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का गंभीर आरोप लगाया है। महेन्द्र के अनुसार, बीते दो वर्षों से उसकी पत्नी उसे बार-बार अपमानित कर रही थी और ऐसी बातें कहती थी जिससे वह मानसिक रूप से टूटता गया। लगातार तनाव और अपमान झेलने के बाद 17 जुलाई को उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई। पीड़ित महेन्द्र ने पत्नी अनिता के साथ-साथ उसके पिता कैलाश साहू, भाई-बहन और अन्य रिश्तेदारों पर भी मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नशे से दूरी है जरूरी": इंदौर पुलिस के अभियान से जुड़ा व्यापारी वर्ग, जन-जन में फैली जागरूकता

इंदौर, नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ इंदौर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान "नशे से दूरी है जरूरी (Say No to Drugs)" अब आमजन के साथ-साथ व्यापारी वर्ग को भी प्रेरित कर रहा है। पुलिस कमिश्नरेट इंदौर के निर्देशानुसार शहर के सभी थाना क्षेत्रों में दिनांक 26 जुलाई 2025 को विशेष जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत थानों की पुलिस टीमों ने बाजारों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया और उन्हें नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

### प्रमुख गतिविधियां इस प्रकार रहीं

थाना संयोगितागंजः थाना प्रभारी व स्टाफ ने छावनी जूनी मंडी क्षेत्र में व्यापारियों व नागरिकों को नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया।

थाना राऊः राऊ चौराहे पर व्यापारियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए हस्ताक्षर अभियान से जोड़ा गया।

थाना सराफाः थाना प्रभारी श्री एस.एस. रघुवंशी व टीम ने व्यापारिक संगठनों से मिलकर अभियान को आगे बढ़ाया।

थाना पंढरीनाथः मच्छी बाजार के व्यापारियों को हस्ताक्षर अभियान से जोड़ते हुए नशा मुक्ति का संकल्प दिलवाया गया।

थाना छत्रीपुराः गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र के व्यापारियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

थाना तेजाजी नगरः D-Mart नायता मुंडला में कस्टमर्स और स्टाफ को जागरूक कर नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

थाना आजाद नगरः थाना प्रभारी श्री तिलक तिरोले ने मूसाखेड़ी क्षेत्र में व्यापारियों को शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान की जानकारी दी। एडिशनल डीसीपी क्राइम श्री राजेश दंडोतिया ने दो स्कूलों के 600 विद्यार्थियों और एक सामाजिक संस्था के 150 सदस्यों को संबोधित किया। उनि शिवम ठक्कर व टीम ने विभिन्न स्कूलों में जाकर 3000 विद्यार्थियों, शिक्षकों व वाहन चालकों को नशामुक्ति की शपथ दिलवाई और हस्ताक्षर अभियान चलाया।

### संदेश स्पष्ट है

इंदौर पुलिस का यह अभियान समाज के हर वर्ग तक पहुँच रहा है – छात्र, व्यापारी, शिक्षक, वाहन चालक या आम नागरिक। "नशे से दूरी है जरूरी" का नारा अब केवल स्लोगन नहीं बल्कि जनांदोलन बनता जा रहा है। इंदौर पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे खुद भी नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। यही मिलकर समाज को इस बुराई से मुक्त करने का रास्ता है।

# सेवा ही धर्म, पर्यावरण ही कर्म-धर्मवीर सेवा संस्थान के संग हर कदम

## रोबोट चौराहा पर भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न, जनमानस में फैली पर्यावरण चेतना

राजेश धाकड़

इंदौर – हरियाली और स्वच्छ वातावरण के लिए धर्मवीर सेवा संस्थान द्वारा आज रोबोट चौराहा संत गाडगे प्रतिमा के समीप पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम ने समाज में पर्यावरण संरक्षण की चेतना को नया आयाम दिया। "एक पेड़ – एक जीवन" की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संस्था ने इस अवसर पर सौ से अधिक छायादार व औषधीय पौधे लगाए।,हर नागरिक लगाए एक पेड़" श्री विशाल श्रीवास वृक्षारोपण प्रभारी प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर ही मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है। आज लगाए गए ये पौधे कल की ऑक्सीजन, छाया और जीवन का आधार बनेंगे।"

# इंदौर पुलिस द्वारा आयोजित मैराथन में,युवाओं, बच्चों और महिलाओं ने भी उत्साह से भाग लेकर, दिया नशे से दूरी रखने का संदेश



**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । "नशे से दूरी है जरूरी,अभियान के तहत इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नर इंदौर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, एक जागरूकता मैराथन दौड़ "" का आयोजन रविवार,को प्रातः 06 बजे नेहरू स्टेडियम इंदौर से किया गया। उक्त मैराथन को एडिशनल कमिश्नर (का./व्य.) इंदौर अमित सिंह, एडिशनल कमिश्नर (अप./मुख्या.) इंदौर मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वार फ्लैग ऑफ कर रवाना किया गया।

इंदौर पुलिस द्वारा इस मैराथन के तहत 5 km(नेहरू स्टेडिया से होल्कर कॉलेज- नेहरू स्टेडियम) और 10 km (नेहरू स्टेडिया से राजीव गांधी प्रतिमा-नेहरू स्टेडियम) की दो दौड़ आयोजित की गई थी, जिसमे करीब 2362 से ज्यादा युवाओं, बच्चों और महिलाओं सहित इंदौरियों ने बड़े उत्साह और उल्लास के साथ भाग लेकर, नशे के विरुद्ध जागरूकता के लिए दौड़ लगाई और सभी को ये संदेश दिया कि नशे से दूरी है जरूरी । इस मैराथन के पूर्व एडिशनल कमिश्नर श्री अमित सिंह व श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा अन्य अधिकारियों सहित सभी प्रतिभागियों को नशे से दूरी की शपथ भी दिलवाई गई। इस अवसर पर एडिशनल कमिश्नर (का./व्य.) इंदौर अमित सिंह, एडिशनल कमिश्नर (अप./मुख्या.) इंदौर मनोज कुमार श्रीवास्तव, डीसीपी जोन-03 हंसराज सिंह, डीसीपी क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी, डीसीपी मुख्यालय प्रकाश परिहार, एडिशनल डीसीपी जोन-03 रामस्नेही मिश्रा, एडिशनल डीसीपी जोन-01 आलोक कुमार शर्मा व एडिशनल डीसीपी क्राइम,राजेश दंडोतिया, एडिशनल डीसीपी जोन-04 दिशेष अग्रवाल सहित कई वएसीपी, थाना प्रभारी व अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने भी इस दौड़ में भाग लेकर, सभी को नशामुक्ति व नशे के विरुद्ध जागरूक रहने का संदेश दिया गया। दौड़ के पश्चात सभी प्रतिभागियों को एडिशनल डीसीपी श्री राजेश दंडोतिया द्वारा सर्टिफिकेट भी वितरित किये गए।

# इंदौर मे निर्माणाधीन भव्य श्री नागेश्वर पंच पार्श्वनाथ सप्त तीर्थ जिनालय का प्रतिष्ठा महूर्त प्रदान

**दिनांक 11 नवम्बर को होगा भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन लगभग 100 से ज्यादा साधु संत करंगे निश्रा प्रदान**

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । जन जन की आस्था के केंद्र दादा श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ भगवान के नव निर्मित पंच पार्श्वनाथ जिनालय की प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त लेने श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक नवकार श्री संघ ट्रस्ट नरीमन सिटी, इंदौर पर रविवार 27 जुलाई को तिलक नगर पहुंचकर श्री तिलेश्वर जैन उपाश्रय तिलक नगर इंदौर पर धर्म तिलक चातुर्मास मे विराजित उपकारी पूज्य आचार्य गुरूदेव श्री नयचन्द्रसागरसूरिजी म.सा. आदि ठाणा एवं पुज्य साध्वी भगवंत श्री हेमप्रज्ञा श्री जी म. सा. आदि ठाणा से प्रतिष्ठा का मुहूर्त प्रदान करने की विनती की । तत्पश्चात आचार्य श्री ने धर्मसभा मे उपस्थिति श्रद्धालूओ के समक्ष दिनांक 11 नम्बर 2025 मंगलवार विक्रम संवत 2082 तिथि मगसर विदी सप्तमी का मुहर्त प्रदान किया एवं वाचन भी किया जेसे गुरुदेव ने मुहुर्त प्रदान किया वैसे ही नरिमन जैन श्री संघ मे हर्ष उल्लास छा गया और नारों से हाल गुंजायमान हो गया ।

इस अवसर पर नरिमन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी निलेश पोरवाल, आर सी जैन, निलेश पावेचा, विजय जैन गोटेवाला, प्रवीण गुरूजी, संदीप पोरवाल के साथ ही नरिमन नवकार श्री संघ से सोदियाजी, अजय अम्बोर, संदीप जैन, पिंकेश जैन, सौरभ कटारिया, ऋषभ शाह, संदीप नानावटी, प्रदीप जैन, प्रिंस सकलेचा, अंकित सिसोदिया, विकास जैन, अमित मेहता आदि उपस्थिति थे इंदौर मे सात तीर्थ का एक भव्य जैन स्वेताम्बर तीर्थ यह भव्य जिनालय सुपर करिडोर इन्फॉसिस, टी सी एस, यश टेक्लोनोलाजी के नजदीक एम.आर. 5 पर नरिमन सिटी मे निर्माण हुआ हे जहाँ पर मुलनायक श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ की 11 फ़ीट ऊँची हूबहू नागेश्वर तीर्थ जैसी खड़ी प्रतिमा के साथ श्री जीरावला पार्श्वनाथ, श्री अंतरिक्ष पार्श्वनाथ, श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ,श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ हे और सोने पे सुहागा भगवान महावीर की जन्म स्थली लछवाड जैसे महावीर मंडण , गिरनारतीर्थ जेसे नेमिनाथ मंडण, नवग्रहपूजीत परमाता आदि जिन बिम्ब,45 आगममय आगम पुरुष युक्त मंदिर, गुरु मंदिर,देवी देवताओं आदि बिम्बो की मगलकारी प्रतिमा विराजित हे पूर्व मे पंचदिवसीय अंजनशलाका महोत्सव सम्पन्न हो चूका हे हर पूनम पर होता हे भव्य आयोजन नवनिर्मित जिनालय मे प्रतिदिन पूजन शुरू हे एवं प्रति पुनम को अभिषेक पूजन, भाता वितरण एवं रात्रि मे भक्ति का आयोजन किया जा रहा हे।




# प्रेमजाल में फंसाकर अपहरण व फिरौती माँगने के मामले का 24 घंटे में पर्दाफाश

**सरदारपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

**रणजीत टाइम्स**

सरदारपुर । पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर एवं एसडीओपी सरदारपुर श्री विश्वदीप सिंह परिहार के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी श्री रोहित कछावा के नेतृत्व में सरदारपुर पुलिस ने एक सनसनीखेज अपहरण व फिरौती मांगने के मामले का सफलतापूर्वक 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

दिनांक 25.07.2025 को फरियादी श्री भरत पंवार, उम्र 57 वर्ष, निवासी लुनियापुरा, महू,



द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उन्हें एक महिला और उसके साथियों द्वारा प्रेमजाल में फंसा कर अपहरण किया गया, मारपीट की गई और 12 लाख की फिरौती की माँग की गई। फरियादी पिछले कुछ दिनों से ज्योति उर्फ 'देवास वाली' नामक महिला से संपर्क में थे। दिनांक 24.07.2025 को वे महिला से मिलने धार पहुँचे, जहाँ उन्हें होटल ले जाया गया। होटल से बाहर आते ही अज्ञात आरोपियों ने उन्हें जबरन एक बोलेरो वाहन में बैठाकर जंगल में ले जाकर मारपीट की तथा परिजनों से फिरौती की माँग करने के लिए मजबूर किया गया। सूचना मिलने पर डायल 100 पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए फरियादी को सुरक्षित मुक्त कराया गया, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गए। थाना सरदारपुर में अपराध क्रमांक 234/2025 धारा 126, 127, 140, 308(5), 115(2), 351(3), 3(5) BNS के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया।

दिनांक 26.07.2025 को आरोपियों दिलीप पिता रमेश अजनार (उम्र 33 वर्ष), निवासी ग्राम मोरगांव, थाना अमझेरा, हाल मुकाम राजेन्द्र कॉलोनी, राजगढ़, धीरज पिता जगन्नाथ डावर (उम्र 34 वर्ष), निवासी पिपरनी, थाना राजगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है, तथा प्रकरण की विवेचना प्रगतिशील है। उपनिरीक्षक नवलसिंह बघेल, सहायक उपनिरीक्षकः जगदीश परिहार, प्रधान आरक्षकः 88 आमीर अंसारी, 649 गज्जुलाल वसुनिया, 182 मोहनसिंह गामड, 473 सरदारसिंह, आरक्षकः 561 प्रताप डोडियार, 453 प्रियतम चौहान, 443 सुरेश, 180 राजेश मेहरा, 815 दिनेश सैनानी, 1024 मनोज मुजाल्दे, 1038 योगेश सोलंकी, 1122 प्रभुलाल, 1103 भारतसिंह भुरा।

# जयपुर में राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने कारगिल विजय दिवस पर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतिया देकर लगाए पेड़

## कारगिल विजय दिवस पर शुभ विचार संस्था ने राजकीय विधालय में विद्यार्थियों के साथ देश भक्ति गीतों एवं एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम आयोजित किया ,जयपुर के शहीद अमित भारद्वाज को दी श्रद्धांजलि

जयपुर। युवाओ में देशभक्ति एवम सांस्कृतिक चेतना के प्रति जागरूकता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रही शुभ विचार संस्था जयपुर और स्टार सोशल ग्रुप द्वारा कारगिल विजय दिवस राजकीय विधालय दहलावास प्रताप नगर जयपुर में मनाया गया जिसमें कारगिल युद्ध में भारत की जीत के लिए बलिदान होने वाले जयपुर के वीर अमित भारद्वाज सहित सभी शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की गईं ,विधालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुतियां दी ।शुभ विचार के संस्थापक जी जितेंद्र शर्मा स्टार ग्रुप के डॉ राकेश केदावत,आरोग्यदीप के डॉ देवेंद्र सिंह,भायली ग्रुप की माधुरी कुमार,प्रधानाध्यापक रामफूल रअछेया ने विधार्थीयो को मिटाई और उपहार भेट किये, इस अवसर पर "एक पौधा माँ के नाम" अभियान के तहत विधार्थीयो शिक्षकों आगंतुकों द्वारा विधालय परिसर में पेड़ भी लगा।

# शाला प्रांगण में मनाया हरियाली महोत्सव

रणजीत टाइम्स

झाबुआ। जिले की शासकीय हाई स्कूल हुड़ा झाबुआ में वर्षा काल के अनुरूप वरिष्ठ के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम थीम पर आधारित हरियाली महोत्सव मनाया गया। बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ पर्यावरण संरक्षण की इस योजना में भाग लिया। बच्चे ग्रीन ड्रेस पहन कर आए, बच्चों ने ड्रामा, कविता पाठ, श्लोगन, चित्रकला के माध्यम से प्रकृति के महत्व आवश्यकता ओर उपयोगिता का संदेश दिया। बच्चों ने जाना कि जीवन के लिए ऑक्सीजन का महत्व क्या हे ।संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री राकेश परमार के द्वारा रिड्यूस तथा रिसाइकल बिन पर विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार हमें पर्यावरण में उपलब्ध संसाधनों को बचाना हे, संसाधनों का उपयोग हमे बहुत सोच विचार कर करना हे ताकि आने वाली पीढ़ी को भी उपलब्ध हो। संस्था से श्रीमती ज्योत्सना मालवीय के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि पेड़ो के अभाव में ऑक्सीजन नहीं होगी, वर्षा नहीं होगी, तापमान बढ़ेगा, ग्लोबल वार्मिंग होगी प्रकृति का संतुलन बिगड़ जाएगा, ओज़ोन परत जो सूर्य की पराबैगनी किरणों से हमारी रक्षा करती हे उसे नुकसान होगा। ओर प्राणी समाज अनगिनत बीमारियों से ग्रस्त हो जाएंगे। हमें हमारे जीवन में पेड़ लगा कर उनका संरक्षण करना होगा अन्यथा हमारा जीवन मुश्किल हो जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक साथीयो व बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता व्यक्त करते हुवे, शाला प्रांगण में पौधा रोपण किया गया तथा उन्हें संरक्षित करने तथा समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शाला परिवार से उपस्थित सभी बच्चो के साथ शिक्षकगण में रचिता शाह, सरिता झणिया, प्रियंका चौहान, बुधि चौहान, योगेश भूरिया , नरबदी चौहान, योजना बिलावल , ज्योत्सना मालवीय व प्राचार्य राकेश परमार ने सहभागिता की । कार्यक्रम का संचालन ज्योत्सना मालवीय ने किया।








# क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज युवा संगठन



रणजीत टाइम्स

इंदौर संरक्षक मंडल श्री मनोज साबले जी श्री संजय पांसे जी,संदीप कोशे जी संगठन अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दवंडे जी संगठन प्रभारी - मनीष भोपते,आकाश देशमुख

उपाध्यक्षः कैलाश गव्हाड़े ,संतोष गावण्डे

सचिव :- कमलेश मानकर

सहसचिव :- गुलाब देशमुख

कोषाध्यक्षः- रोहित दवंडे

महामंत्रीः- रोशन देशमुख

मंत्रीः- अरविंद अडलक, निमेष् साकरे सोशल मीडिया प्रभारीः- आदित्य खासदेव, नयन पाटनकर सदस्य अंकित महाले दीपेश मानकर रोशन देशमुख राजेश कावडकर,राहुल काले राहुल पांडेय, आशीष कनाठे,बिट्टू देशमुख, दीपेश दवडे,हरिओम चढोकर शुभम् खासदेव











# विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण व प्राप्ति में सहायक है सहज योग

प्रतियोगिता वाले इस दौर में बच्चों को जीवन में सफलता हासिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है। समाज में ढेरों आकर्षित करने वाली गतिविधियां हैं, सिनेमा, फैशन, क्लब ऊपर से मोबाइल गेम्स और जाने क्या क्या। इन सबके बीच एक लक्ष्य को बनाना और उस पर स्वयं को केंद्रित करना बेहद जरुरी है। स्कूल/कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए लक्ष्य निर्धारण एक अनिवार्य पहलू ही है। समय के साथ दुनिया प्रतिस्पर्धी होती जा रही है। ऐसे में शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास के लिए छात्रों के पास स्पष्ट दृष्टिकोण होना चाहिए।



लक्ष्य निर्धारित करने से पहले छात्रों को अपनी ताकत, कमजोरियों और रुचियों का आंकलन करना चाहिए। अगर बच्चे खुद के बारे में अच्छे से जान लेंगे तो प्राप्त करने योग्य लक्ष्य निर्धारित कर सकेंगे। कई छात्र इन पहलुओं पर ध्यान नहीं देते और कठिन लक्ष्य बना लेते हैं। इसे पूरा करने में बहुत परेशानियां आती हैं। ऐसे में अपनी स्थितियों की जांच करना जरुरी है और फिर लक्ष्य बनाना। शुरुआत में छोटे-छोटे लक्ष्य ही निर्धारित हो, तो भी अच्छी बात है। समय के साथ प्रतिदिन के लक्ष्य को बढ़ाते जाना भी उचित है। यह आसान तो नहीं पर दृढ संकल्प से सबकुछ संभव होगा।

सहज योग मेडिटेशन ध्यान की एक ऐसी तकनीक है कि जिससे हमारी नाड़ियां संतुलित होती हैं,चक्र क्रियाशील होते हैं फलस्वरूप हम एकाग्रता से चिंतन कर पाते हैं और ऊर्जावान होने पर हमें स्वयं पर भरोसा होता है, यही आत्मविश्वास हमें लक्ष्य निर्धारण में मदद करता है। ध्यान से हमारे अंदर छोटी मोटी तकलीफ या गलतियों को लेकर हताशा नहीं आती। हमारे अंदर कई गुण स्वयं ही आ जाते हैं जिसमें साक्षी भाव का महत्वपूर्ण गुण भी शामिल है। साक्षी भाव आते ही हम सभी समस्या को देखते भर हैं और समाधान भी पा लेते हैं। यही सहज योग ध्यान का सबसे बडा फायदा है। हम सभी जानते हैं कि जीवन और लक्ष्य का साथ चोली दामन जैसा है। छात्र को लक्ष्य निर्धारण के उपरांत आगे बढ़ने हेतु जिस दृढ संकल्प की आवश्यकता होती है, वह सहज योग ध्यान पद्धति से आत्म ज्ञान प्राप्त होने पर बेहद आसान हो जाती है। छात्रों में सहज योग प्रस्थापित हो इसके लिए सहज योग ध्यान केंद्रों द्वारा प्रयास सदैव जारी रहता है। छात्र स्वयं भी आगे आयें और सहज योग अपनायें। आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# सदभावना मंच द्वारा राजगढ से झिर्णेश्वर तक कावड यात्रा 4 अगस्त को

**अभिमंत्रित रूद्राक्ष का होगा वितरण, आयोजन का आठवा वर्ष**




**रणजीत टाइम्स**

**सरदारपुर । सद्भावना मंच राजगढ-सरदारपुर द्वारा प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली माही झिर्णेश्वर शिव कावड यात्रा इस वर्ष 4 अगस्त 2025 सोमवार को निकलेगी।**

आयोजन का यह आठवा वर्ष है, सद्भावना मंच द्वारा मंच के संरक्षक एवं क्षैत्रीय विधायक प्रताप ग्रेवाल की अध्यक्षता मे राजगढ एवं सरदारपुर मे बैठक आयोजित कर कावड यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई। कावड यात्रा सुबह 09.30 बजे शंकर मंदिर मालीपुरा-राजगढ से प्रारंभ होकर राजगढ एवं सरदारपुर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए झिर्णेश्वर धाम पहुचेगी जहा पर भगवान झिर्णेश्वर महादेव का अभिषेक कर महाप्रसादी वितरित की जाएगी एवं शिव भक्तो को अभिमंत्रित रूद्राक्ष वितरित किए जाएगे। राजगढ मे बैठक के दौरान न.प. अध्यक्ष महेश जायसवाल, शहर अध्यक्ष जीवनसिंह सिसौदिया, राजेन्द्र लोहार, भानुप्रतापसिंह, पंकज राठौड, आकर्ष शर्मा, पार्षद भरत सिंगार, बलराम मकवाना, राजेश गुण्डिया, मांगीलाल डामर, शंकर मामा, राकेश बारिया, बालु बारिया, कबीर झुन्झे उपस्थित रहे। तो वही सरदारपुर मे आयोजित बैठक मे न.प. अध्यक्ष प्रतिनिधी अर्पित ग्रेवाल, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चोहान, अम्बर गर्ग, पार्षद दिनेश यादव, नीरज कटारे, बबलु सोनेर, परवेज लोदी, देवकरण यादव, गोपाल यादव, सुनील गर्ग, राकेश शर्मा, मुकेश तुफान, विक्की यादव, तुषार गौराना सहित बडी संख्या मे सद्भावना मंच के सदस्य मौजूद रहे। यह जानकारी विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

# श्रावणमास कि तीज पर श्री राधाकृष्ण सरकार पर आकर्षक श्रृंगार

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। श्रावणमास कि तीज पर श्री राधाकृष्ण सरकार राजवाड़ा चौक झाबुआ में आकर्षक श्रृंगार,वृंदावन धाम से ठाकुर जी की पोषक मंगवाई गई शाम होते ही बाल मुकुंद जी को सावण के झुले में विराजमान कर झुलनगीत तुलसी सेवा समिति की महिलाओ ने गाये भक्तों का देर रात तक दर्शन करने का सिलसिला जारी रहा मंदिर के मंहत मनीष बैरागी अजय बैरागी ने बताया कीहरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। यह उत्सव महिलाओं का उत्सव है। सावन में जब सम्पूर्ण प्रकृति हरी ओढ़नी से आच्छादित होती है उस अवसर पर महिलाओं के मन मयूर नृत्य करने लगते हैं। वृक्ष की शाखाओं में झूले पड़ जाते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसे कजली तीज के रूप में मनाते हैं। सुहागन स्त्रियों के लिए यह व्रत बहुत महत्व रखता है। आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। चारों ओर हरियाली होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं। इस अवसर पर महिलाएं झूला झूलती हैं, लोकगीत गाती हैं और आनन्द मनाती हैं। आयोजन में सेविका श्रीमती देविका बैरागी, श्रीमती निशा बैरागी, श्रीमती कविता बैरागी, सुश्री पंखुरी बैरागी, सुश्री मनीषा बेन जोशी, श्रीमती कृष्णा मदनलाल सोनी श्रीमती दिपा अजय सोनी श्रीमती कृष्णा तिवारी श्रीमती दिपशिखा विनीत तिवारी श्रीमती मंजुला सिसोदिया श्रीमती सीमा सिसोदिया, श्रीमती भगवती देवी पडियार, श्रीमती सरिता बैरागी, श्रीमती अंजू सोनी श्रीमती स्वीटी सोनी का सराहनीय सहयोग रहा।



# हरियाली अमावस्या पर नवांकुर सखियां द्वारा हरियाली यात्रा निकाली गई महिलाओं को बीजरोपित थेलिया वितरण किया गया

**रणजीत टाइम्स**



नागदा जं.। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड खाचरोद के ग्राम पंचायत झझा खेड़ी में नवांकुर संस्था द्वारा गाय माता की पूजन कर सखिया सरेकुवर, मोहन कुंवर, लाड कुंवर, चम्पा बाई, गोविंद कुंवर, गट्टा कुंवर, जतन कुंवर, सुमित्रा बाई, प्रियंका, शिवानी, तन्नू, राजुबाई, कमला बाई, इन सखियों का झांझा खेड़ी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा स्वागत किया गया ।

नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का काला जी मंदिर से प्रारंभ की गई और श्री राम मंदिर में समापन हुआ जिसमें महिलाओं ने दो लाइन की कतार में यात्रा चालु किया गया यात्रा मे ढोल धमाके भजन कीर्तन के साथ यात्रा निकाली गई महिलाओं ने यात्रा में महिलाओ में आनंद उत्साह के साथ यात्रा निकाली गई। महिलाओं जिस कार्य में लगती है सफलता जरूर मिलती है नारी शक्ति एक बहुत बड़ी शक्ति के रूप में है हर कामयाबी के पीछे नारी शक्ति का हाथ रहता है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत खाचरोद के पूर्व जनपद सदस्य भगवान सिंह डोडिया सरपंच राधेश्याम बोडाना पूर्व सरपंच स्वरूप जी कार्यक्रम को संबोधित किया मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जय दीक्षित जी सर ने बताया कि सखी क्या है सखी कृष्ण भगवान के द्वारा सखियों का उदाहरण दिया गया इसी प्रकार खाचरोद ब्लॉक समन्वयक इंद्रेश पवार जी ने भी एक पेड़ मां के नाम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लक्की शिक्षण समिति नागदा सुरेश माली, सेवा भारती से श्याम वर्मा, मेंटर्स योगेन्द्र सिंह राठौर, ग्रामीणजन नारायणदास बेरागी, मोहनलाल सेन, लक्ष्मण सिंह डोडिया, चेनसिंह डोडिया, संदीप आंजना, रामेश्वर गुर्जर, कमल दास बेरागी, दशरथ गुर्जर, वकावर सिंह देवड़ा, अंतर सिंह देवड़ा, कुलदीप सिंह डोडिया, आयुष सिंह डोडिया, की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# शासकीय महाविद्यालय मक्सी के प्राध्यापकों द्वारा रोजगार मेले का प्रचार प्रसार



रणजीत टाइम्स

मक्सी/शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय शाजापुर के तत्वाधान में श्री कुशाभाऊ ठाकरे शासकीय महाविद्यालय मक्सी में दिनांक 7 अगस्त 2025 गुरुवार को प्रातः 11:00 से 3:00 बजे तक एक रोजगार ,स्वरोजगार, अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जा रहा है ।

जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित नियोजक जैसे नवभारत फर्टिलाइजर भोपाल, यशस्वी अकेडमी फॉर स्किल देवास ,भारतीय जीवन बीमा निगम शाजापुर आदि अनेक कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित होकर साक्षात्कार के माध्यम से प्रारंभिक चयन करेंगे। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जानकारी प्रदान कर वे इसका लाभ उठा सके इस हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील वागले के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्राध्यापको द्वारा ग्राम झोकर क्षेत्र के विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संस्थानो, सरकारी स्कूलों आंगनबाड़ी क्षेत्र निजी प्रतिष्ठानों में इसकी जानकारी दी गई एवं बैनर लगाए गए । इस भ्रमण को इसी उद्देश्य से किया गया कि ज्यादा से ज्यादा बेरोजगारो को रोजगार प्राप्त हो सके और वे इस अवसर का लाभ उठा सके। अतः सभी अधिक से अधिक संख्या में इस रोजगार मेला में सम्मिलित हो।इस कार्य में महाविद्यालय के प्रोफेसर लाखन सिंह कुशवाह, डॉ सौदान सिंह मकवाना,आधी थे यहां जानकारी डॉ अपर्णा जैन ने प्रदान की।

# डीआईजी पहुंचे हस्ताक्षर अभियान में लोगों से नशा सेवन न करने की बात

रणजीत टाइम्स



मक्सी/उज्जैन रेंज के डीआईजी नवनीत भसीन हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत शाजापुर जिले के मक्सी मुरलीधर कृपा अस्पताल में पहुंचे जहां पर हस्ताक्षर अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान में उन्होंने भाग लिया मुरलीधर पहुंचने पर समाजसेवी सेठ महावीर प्रसाद मानसिंगा के द्वारा उनका पुष्प माला से स्वागत सत्कार किया गया साथ में मुरलीधर कृपा विद्यालय के दिलीप भावसार दिनेश यादव मैं भी स्वागत सत्कार किया इस मौके पर मक्सी थाना टीआई भीम सिंह पटेल मक्सी सूचना संकलन के राहुल जाट भी मौजूद थे आपको बता दे की मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल में नशा मुक्ति अभियान एवं हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत उन्होंने हॉस्पिटल स्टाफ और उपस्थित लोगो को नशे से होने वाले नुकसान को बताया एवं नशा को छोड़ने हेतु लोगो को प्रेरित किया जहां पर डीआईजी नशा मुक्ति एवं हस्ताक्षर अभियान में पहुंचे थे।

# बाबा मार्कण्डेश्वर महादेव की शाही सवारी की तैयारी को ले कर धन संग्रहालय का कार्य जारी

रणजीत टाइम्स



मक्सी / बाबा मारकंडेश्वर महादेव की शाही सवारी 18 अगस्त को निकाली जानी है उसी के नियमित कुछ समय पूर्व ही हिंदू उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें कई पदाधिकारी नियुक्त किए गए थे इसी क्रम में शाही सवारी को लेकर समिति के पदाधिकारी गण नगर में धन संग्रहालय के लिए प्रतिदिन लोगों से संपर्क कर रहे हैं नगर में निकलने वाली बाबा मारकंडेश्वर की शाही सवारी ऐतिहासिक निकलती है जिसमें सैकड़ों की संख्या में नगर सहित आसपास ग्रामों के लोग पहुंचते हैं पूरे नगर को दुल्हन की तरह सजाया जाता है हजारों मंचों से बाबा के ऊपर पुष्प वर्षा की जाती है वहीं श्रावण मास में निकलने वाली बाबा मारकंडेश्वर की सवारी का क्रम सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा आपको बता दें कि बाबा मारकंडेश्वर की सवारी का क्रम आदे श्रवण के पश्चात प्रारंभ होता है वह 18 अगस्त को शाही सवारी के साथ समापन होगा शाही सवारी में हिंदू उत्सव समिति के द्वारा नगर के सभी धर्मालुजनों से धन संग्रहालय कर बेहतरीन व्यवस्था की जाती है वह पूरे वर्ष सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों का स्वागत सत्कार का कार्य भी समिति के द्वारा किया जाता है हिंदू उत्सव समिति की नवीन कार्यकारिणी में वरिष्ठ समाजसेवी भाई राघवेंद्र सिंह सेंगर लल्लन भइया को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है एवं संयोजक भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ रवि पांडे एवं समिति के सभी पदाधिकारी के नेतृत्व में समिति द्वारा प्रतिदिन धन संग्रहालय का कार्य किया जा रहा है जिसमें समिति के पूर्व अध्यक्ष हंसराज जैन गुड्डु पांडे नानू पांड्या हरीश भावसार नरेंद्र जैन हरि गर्ग योगेश भावसार सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य धन संग्रहालय में लगे हुए।

# सरदारपुर में कांग्रेस विधायक ने ग्राम बोदली मे दिया पानी का टैंकर:कहा-क्षेत्रवासियों का जीवन सरल-सुखद हो

रणजीत टाइम्स

सरदारपुर I सरदारपुर विधानसभा के क्षेत्र के कई गांव में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए, कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल ने अपनी विधायक निधि से ग्राम पंचायतों में पानी के टैंकर वितरित किए I यह वितरण सरदारपुर विधायक कार्यालय में संपन्न हुआ। जिसमें ग्राम पंचायतों के जाट समाज और स्थानीय ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। की पुर्व मे भी पंचायत सरपंचो और ग्रामवासियों की उपस्थिति में टैंकरों का वितरण किया गया। पीने के पानी की समस्या और मांगलिक कार्यक्रमों में पानी की समस्याओं को देखते हुए उन्हें सहज और सुविधाजनक बनाने की दिशा में पहल की गई।जिस पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री प्रताप जी ग्रेवाल द्वारा जाट समाज बोदली को पानी का टैंकर वितरण करने पर जाट समाज द्वारा लोकप्रिय विधायक को साफा बांधकर धन्यवाद देकर सम्मानित किया इसी दौरान कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष गोपाल पटेल , सुरेश जाट , रमेश जाट ,राधेश्याम जाट, हंसराज जाट , भंवरलाल जाट,युवा कांग्रेस एवं NSUI से अरविंद जाट ,श्रवण जाट,सुमित जाट एवं अन्य जाट समाज के लोगों द्वारा धन्यवाद किया। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने कहा हम सदैव इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि क्षेत्र के परिवारजनों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। जन-कल्याण के प्रति हमारी यह प्रतिबद्धता आगे भी इसी प्रकार बनी रहेगी, ताकि हर परिवार का जीवन सरल और सुखद हो सके।

# राजगढ़ नगर में चल रहे ज्ञानांजन चातुर्मास के अंतर्गत बच्चों का लगा शिविर

रणजीत टाइम्स

राजगढ़, I नगर में परम पूज्य आचार्य हितेशचंद सुरीश्वर जी महाराज साहब के आज्ञानुवर्ती परम पूज्य मुनिराज पुष्पेंद्र विजय जी महाराज साहब ,मुनी रूपेंद्र विजय जी महाराज साहब एवं मुनी जीतचंद्र विजय जी महाराज साहब की पावन निश्रा में बच्चों के लिए 'चलो जाने महावीर को 'एवं बाल भक्ति गीत संगीत प्रतियोगिता का विशेष आयोजन रखा गया जिसमें 200 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया ।इस शिविर के लाभार्थी श्रीमती कुसुमबेन पंचमीलाल जी खजांची ह.संदीप जी खजांची थे ।इस अवसर पर बच्चों को लाभार्थी परिवार की ओर से पुरस्कार भी वितरित किए गए एवं शिविर में शामिल सभी बच्चों को स्वल्पाहार भी करवाया गया ।



# पुत्र की हार से आहत थे पिता, 3 साल बाद फिर से जीता जनता का विश्वास

## श्याम सिंह देवड़ा के सिर सजा मावता सरपंच का ताज

**रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। जनपद की ग्राम पंचायत मावता के उप निर्वाचन में श्यामसिंह देवड़ा निर्वाचित घोषित किए गए। मतदान के 4 दिनों बाद तहसील कार्यालय में हुई मतगणना के बाद तहसीलदार एवं रिटर्निंग अधिकारी देवेन्द्र दानगढ़ ने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### चार प्रत्याशियों की हुई जमानत जप्त

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देश तथा कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा जारी अधिसूचना के बाद 1 जुलाई से ग्राम पंचायत मावता में रिक्त सरपंच पद के लिए उप निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी। इसमें 6 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। इनमें से श्यामसिंह देवड़ा ने कारूलाल पिता ढोकरलाल को 303 मतों से पराजित किया। शेष 4 प्रत्याशी जमानत बचाने में भी नाकाम रहे।

### 35 मतदाता ने किसी को नही चुना सरपंच, नोटा दबाया

26 जुलाई को मतगणना तहसील कार्यालय में की गई, इसमें श्यामसिंह देवड़ा को 1407, कारूलाल को 1104, कचरूलाल को 239, दशरथलाल को 203, सौरभ शर्मा को 173, कारूलाल राठौड़ को 41 मत मिले तथा 35 मत नोटा में डाले गए। मतगणना के बाद विजयी उम्मीदवार श्यामसिंह देवड़ा को निर्वाचन का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत मावता में सरपंच पद के लिए 22 जुलाई को इवीएम से हुए मतदान में 3202 मतदाताओं ने मतदान किया था।



### 06 राउंड के साथ पूरी हुई मतगणना

निर्वाचन सुपरवाईजर भंवरलाल मालवीय ने बताया कि ग्राम पंचायत में सरपंच के निर्वाचन के लिए 6 मतदान केन्द्रों का गठन किया गया था। इसमें मतदान केन्द्र क्रमांक 1 पर 351, मतदान केन्द्र क्रमांक 2 पर 334, मतदान केन्द्र क्रमांक 3 पर 550, मतदान केन्द्र क्रमांक 4 पर 650, मतदान केन्द्र क्रमांक 5 पर 636 तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 6 पर 681 मतदाताओं ने मतदान किया था। मतगणना पर्यवेक्षक हरिओम पंवार, राकेश चौहान ने मतगणना अभिकर्ताओं तथा रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में मतगणना कर सारणीकरण का कार्य किया। स्ट्रांग रूम की व्यवस्था मनोहरसिंह मुजाल्दे, महेन्द्र गोयल, रामदयाल आंजना, पुनीत जैन तथा संजय भट्ट ने देखी।

### सुबह से होने लगा था समर्थकों का जमावड़ा

मतगणना के पहले तहसील कार्यालय पर विभिन्न उम्मीदवारों के समर्थकों का जमावड़ा सुबह से ही होने लगा था। इसके लिए पिपलौदा थाना प्रभारी प्रकाश गडरिया तथा कालूखेड़ा थाना प्रभारी लिलियन मालवीय पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। विजय घोषणा के बाद श्यामसिंह देवड़ा के समर्थकों ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया।

### मावता में पिता की जीत व पुत्रो की हार चर्चा में

इसके पूर्व 2022 में हुए आम निर्वाचन के दौरान दिवंगत सरपंच संजय शर्मा ने वर्तमान में विजयी प्रत्याशी श्यामसिंह देवड़ा के पुत्र को सरपंच पद के चुनाव में हराया था, इसका बदला करते हुए उप निर्वाचन में श्यामसिंह देवड़ा ने स्व. संजय शर्मा के पुत्र सौरभ शर्मा को पराजित कर दिया। चर्चा में रहा कि 'बाप-बाप' होता है। ग्राम मावता के नागरिकों ने दोनों बार पिता के सिर पर जीत का सेहरा बांधा जबकि पुत्रों को पराजय का सामना करना पड़ा।

---

# "नशे से दूरी है जरूरी"

## अभियान के तहत जिला जेल झाबुआ में नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित "नशे से दूरी है जरूरी" जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत दिनांक 27 जुलाई 2025 को जिला जेल झाबुआ में नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) श्री कमलेश शर्मा ने कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकांश अपराध दो कारणों से होते हैं – क्रोध और नशा। नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को समाप्त कर देता है, जिससे वह सही-गलत में भेद नहीं कर पाता और अपराध की ओर बढ़ जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि जेल से रिहा होने के बाद नशे से दूर रहकर एक सकारात्मक, शांतिपूर्ण व नशामुक्त जीवन व्यतीत करें। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी आश्रम और गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों ने भी नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी कैदियों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही, रक्षा सखी पुलिस टीम द्वारा ग्राम कुंदनपुर और जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास कुंदनपुर में भी इसी उद्देश्य से नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह समग्र अभियान श्री पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। जनसहभागिता को बढ़ाने हेतु नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया प्रचार, बैनर, पंपलेट वितरण, लघु फिल्म, हस्ताक्षर अभियान, रंगोली, ड्राइंग एवं जन संवाद जैसे माध्यमों का उपयोग कर व्यापक स्तर पर नशामुक्ति का संदेश दिया जा रहा है।



---

# खजुरिया में नवांकुर सखी हरियाली अभियान के तहत भव्य कलश यात्रा और पौधा वितरण कार्यक्रम संपन्न

## सखियों ने पहने भगवा साफे, पौधों के साथ निकली यात्रा

**रणजीत टाइम्स**

बड़ावदा। मप्र जनअभियान परिषद विकासखण्ड जावरा की नवांकुर संस्था श्रीमती सरोज वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खजुरिया द्वारा नवांकुर सखी हरियाली अभियान के अंतर्गत ग्राम खजुरिया में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी सखियों ने भगवा साफा पहनकर कलश एवं पौधों के साथ यात्रा निकाली, जो पर्यावरण जागरूकता का प्रतीक बनी। कार्यक्रम के समापन पर प्रत्येक महिला को 11-11 पौधे वितरित किए गए।

श्रीमती कला कुँवर सोलंकी (सरपंच) ने कहा कि आज जब हम पर्यावरण असंतुलन की समस्या से जूझ रहे हैं, तब इस प्रकार के हरियाली अभियान न केवल प्रकृति की सेवा हैं, बल्कि अगली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का प्रयास भी हैं। ग्राम खजुरिया की महिलाओं ने जो उत्साह दिखाया, वह अत्यंत प्रशंसनीय है।" समाजसेवी ईश्वर सेन ने कहा कि महिलाएं अब केवल घर तक सीमित नहीं हैं, वे पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। इस कार्यक्रम ने ग्राम स्तर पर जनसहभागिता की मिसाल पेश की है। बने सिंह सोलंकीने कहा किएक पौधा लगाना केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि जीवन को सुरक्षित करना है। कलश यात्रा के माध्यम से जिस तरह यह अभियान जन-जन तक पहुँचा है, वह सराहनीय प्रयास है। सखियों की भूमिका प्रेरणा देने वाली है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परामर्शदाता अर्पित शिकारी ने नवांकुर सखी हरियाली अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

### ये थे मौजूद....

इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खजुरिया के अध्यक्ष प्रेमसिंह गुर्जर, सचिव जितेंद्र प्रजापत, पंच किरण कुवंर डोडिया, रमेश सेन, राधेश्याम प्रजापत, वसंत गुर्जर, जितेंद्र पांचाल, राधेश्याम सेन, मांगीलाल गोयल, जसवंत सिंह, राकेश परमार, समरथ परमार, मुकेश दमामी, बर्डिया गोयल समिति से अरविंद चौहान और विक्रम माली सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आभार सचिव जितेंद्र प्रजापत ने माना।



# यह इंदौर का सौभाग्य है

## दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों के कौशल विकास का ,स्किल डेवलेपमेंट का समग्र केंद्र बनने जा रहा है -शंकर लालवानी (सांसद)

इंदौर । दृष्टि बाधित दिव्यांगों का कौशल विकास कार्यक्रम, स्किल डेवलपमेंट शिविर देश के युवा का विकास, परोक्ष रूप में देश का विकास है, आदरणीय प्रधानमन्त्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विज़न को सही रूप में दृष्टि देने का काम हो रहा है।यह हमारे इंदौर का सदा नंबर वन बनने के और नंबर वन रहने के जुनून का ,सौभाग्य का कार्य है जो महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन मिसो के द्वारा इंदौर को प्रथम बार मध्यप्रदेश की धरती पर चुना गया। इंदौर का सांसद होने के कारण मैं यहां आया मगर यहां का सर्वोत्तम कार्य देखने के बाद कह सकता हूं कि मैं सदा ऐसे कार्य से जुड़ा रहा हूं और आज एक नई दृष्टि से ,सृष्टि रचना का कार्य करने का संकल्प लेता हूं और इंदौर की ओर से सर्व सहयोग का आश्वासन देता हूं।आपके संगठन का मैं सहभागी रहूंगा और इन बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करता हूं, ये जल्दी प्रशिक्षित होकर अन्य दिव्यांगों को प्रशिक्षित करें और समाज को नई राह दिखाएं ।एक बार पुनः बधाईयां और आभार।प्रारंभ में स्वागत समन्वयक श्री अरुण कुमार जैन ने किया और आभार प्रकट किया कि संसद सत्र के चलते अति व्यस्तता के बीच शंकर जी ने हमें समय दिया।

एक दूसरे कार्यक्रम में एडिशनल कमिश्नर पुलिस क्राइम श्री राजेश दंडोतिया ने बच्चों को गुड टच ,बेड टच और ड्रग के विरुद्ध जन आवाज





बनने का आव्हान किया और देश भक्ति की अलख जगाए रखने का संदेश दिया।संस्था अध्यक्ष श्री पुष्प जैन ने स्वागत किया और स्मृति चिन्ह श्री हुल्लास बेताला ने भेंट दिया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी श्री अरुण कुमार जैन ने माना। दोपहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान श्री लोकेश कावड़िया जी महामंत्री के मित्र मंडल ने उनका स्वागत किया।उनके कार्यों की और संस्था की गतिविधियों की महती प्रशंसा की।

आज इंदौर नगर के कावड़ यात्रियों ने विधायक गोलू शुक्ला के नेतृत्व में दिव्यांग जन का सम्मान किया और संस्था की ओर से कावड़ यात्रियों का स्वागत किया गया।श्री हरीश विजयवर्गीय जी का भरपूर सहयोग मिल रहा है ,जिसके लिए उनका सम्मान किया गया।

# भोपाल की स्वच्छता और चंदेरी साड़ी का जिक्र: CM डॉ मोहन ने सुनी PM Modi के 'मन की बात'

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 124वें एपिसोड में राजधानी भोपाल और चंदेरी की साड़ी का जिक्र किया। सीएम डॉ मोहन यादव 'मन की बात' का श्रवण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने महिलाओं से संवाद किया और स्कूल में पौधारोपण भी किया। सीएम डॉ मोहन यादव रविवार को भोपाल के शील पब्लिक स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान बीजेपी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के 124वें एपिसोड में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की स्वच्छता का जिक्र किया। स्वच्छता में नंबर दो के पायदान पर आने पर बधाई देते हुए कहा कि भोपाल की एक टीम का नाम है- सकारात्मक सोच ! इसमें 200 महिलाएं हैं। ये महिलाएं सिर्फ सफाई नहीं करतीं, लोगों की सोच भी बदलती हैं। एक साथ मिलकर शहर के 17 पार्कों की सफाई करना, कपड़े के थैले बांटना, इनका हर एक कदम संदेश है। ऐसे प्रयासों की वजह से भोपाल भी स्वच्छ सर्वेक्षण में काफी आगे आ गया है।

### चंदेरी की साड़ी का जिक्र

वहीं सीएम डॉ मोहन यादव ने मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद वहां उपस्थित महिलाओं से संवाद किया और शील पब्लिक स्कूल परिसर में बरगद का पौधा रोपा। वहीं मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि



पीएम मोदी ने चंदेरी की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंदेरी की साड़ी भाई बहन को गिफ्ट करें। बहनों से घरों में खुशियां आ जाती है। बेटी तो घर की शोभा होती है।

### एमपी में बनेंगे रेल के डिब्बे

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि रक्षाबंधन बड़े धूमधाम से मनाए। सरकार सभी त्योहार को मना रही है। चंदेरी की साड़ी का प्रमोशन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि रीवा में 3 हजार करोड़ के निवेश के साथ 3 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। लाडली बहनों के उद्योग में काम करने पर 6 हजार रुपए हर महीने देंगे। युवकों को उद्योग में काम करने पर 5 हजार रुपए हर महीने देंगे। इसके साथ ही अब रेल के डब्बे भी एमपी में बनेंगे।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना हैं

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम  जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स